तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि
सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, मंगलवार, 2 जून 2026

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

4 शतरंज प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने किया अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन

खबर संक्षेप

विवि ने शुरू किया ऑनलाइन प्रवेश पंजीयन एवं आवेदन प्रक्रिया

अम्बिकापुर। संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 में विवि के शिक्षण विभागों एवं सम्बद्ध शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों में संचालित स्नातक डिप्लोमा, स्नातकोत्तर डिप्लोमा एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के प्रथम सेमेस्टर में नियमित प्रवेश हेतु ऑनलाइन पंजीयन एवं आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। विवि द्वारा अधिसूचना के अनुसार अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट के माध्यम से 1 जून से 20 जून 2026 तक ऑनलाइन पंजीयन एवं आवेदन कर सकेंगे। प्रथम चरण में केवल ऑनलाइन पंजीयन एवं आवेदन की प्रक्रिया संचालित की जाएगी। प्रवेश प्रक्रिया, मेरिट सूची, प्रवेश तिथि एवं अन्य आवश्यक निर्देश उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी शैक्षणिक कैलेंडर एवं प्रवेश मार्गदर्शिका के अनुसार पृथक से जारी किए जाएंगे। विश्वविद्यालय ने अभ्यर्थियों के लिए एबीसी आईडी, अपार आईडी बनाना अनिवार्य किया है। ऑनलाइन पंजीयन हेतु 100 रूपए का शुल्क निर्धारित किया गया है, जिसका भुगतान ऑनलाइन माध्यम से किया जाएगा।

आईटीआई सीतापुर में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू

अम्बिकापुर। संचालनालय रोजगार एवं प्रशिक्षण नया रायपुर अटल नगर (छग) के अंतर्गत संचालित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आईटीआई) सीतापुर में शैक्षणिक सत्र 2026-27 एवं 2026-28 में व्यवसाय कोपा, विद्युतकार, फिटर, डीजल मेकेनिक, वेल्डर में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। इच्छुक अभ्यर्थी जो 10वीं उतीर्ण हों एवं छत्तीसगढ़ के निवासी हो प्रवेश हेतु 15 जून की रात्रि 11.59 बजे तक आवेदन कर सकते हैं। आवेदन प्रक्रिया पूर्णतः ऑनलाइन रखी गई है तथा आवेदक केवल वेबसाइट के माध्यम से ही ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। प्रवेश से संबंधित सभी दिशा-निर्देश एवं नियम वेबसाइट पर उपलब्ध प्रवेश विवरणिका में दिए गए हैं।

कुल 4,642 मतदाता पंजीकृत थे, जिनमें 2,335 पुरुष और 2,307 महिला मतदाता शामिल

शिवनंदनपुर नगरीय चुनाव में 85.13 प्रतिशत मतदान महिलाओं व बुजुर्गों ने भी बढ़चढ़कर लिया हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

नवगठित नगर पंचायत शिवनंदनपुर में सोमवार को हुए पहले निकाय चुनाव में मतदाताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शाम 5 बजे तक 85.13 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। पुलिस एवं प्रशासन की चाक-चौबंद व्यवस्था के बीच मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

खास बात
- 4 जून को होगी मतगणना, लोगों में दिखा खासा उत्साह

नगर पंचायत में कुल 4,642 मतदाता पंजीकृत थे, जिनमें 2,335 पुरुष और 2,307 महिला मतदाता शामिल हैं। निर्वाचन अधिकारियों द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार शाम 5 बजे तक 1,991 पुरुष और 1,961 महिला, कुल 3,952 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। हाल ही में निर्वाचन आयोग द्वारा कराए गए स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) के बाद मतदाता सूची में सुधार हुआ है, जिसका सकारात्मक प्रभाव मतदान प्रतिशत पर भी देखने को मिला। मतदान समाप्त होने के बाद ईवीएम को सुरक्षा के बीच कन्या शाला स्थित स्ट्रांग रूम में सुरक्षित रखा गया है। चुनाव परिणामों की घोषणा 4 जून को मतगणना के बाद की जाएगी।

मतदान केन्द्र का निरीक्षण करती मंत्री।

दिन भर चुनाव प्रक्रिया में सक्रिय रहे भाजपा नेता।

अध्यक्ष पद के लिए 3 और पार्षद पद के लिए 52 प्रत्याशी मैदान में

नगर पंचायत चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए तीन प्रत्याशी, जबकि 15 वार्डों के पार्षद पदों के लिए 52 उम्मीदवार चुनाव मैदान में थे,मतदान को सुचारू एवं व्यवस्थित बनाने के लिए प्रशासन ने व्यापक इंतजाम किए थे।रिटर्निंग ऑफिसर एसडीएम सूरजपुर और प्रशासनिक अमला पूरे दिन विभिन्न मतदान केंद्रों के निरीक्षण और व्यवस्था देखने जुटा रहा। भीषण गर्मी को देखते हुए मतदान केंद्रों पर मतदान कर्मियों के लिए कूलर तथा मतदाताओं के लिए टेंट-पंडाल और शुद्ध पेयजल की व्यवस्था की गई थी। सुरक्षा व्यवस्था के लिए जिले के विभिन्न थाना-चौकियों से पुलिस बल और अधिकारियों की तैनाती की गई थी। मतदाताओं की सुविधा के लिए प्रत्येक वार्ड में अलग-अलग मतदान केंद्र बनाए गए थे, जिससे कहीं भी लंबी कतारें नहीं लगीं और मतदान प्रक्रिया तेजी से चलती रही। अधिकांश केंद्रों पर मतदाता कुछ ही मिनटों में मतदान कर बाहर निकलते देखे गए। चुनाव में अध्यक्ष और पार्षद पद के लिए ईवीएम के माध्यम से मतदान कराया गया। मतदाताओं को मतदान प्रक्रिया की जानकारी देने के लिए वार्ड स्तर पर ईवीएम का प्रदर्शन भी किया गया था, जिसमें अध्यक्ष और पार्षद पद के लिए अलग-अलग मतदान करने की जानकारी दी गई थी। पूरे दिन भाजपा, कांग्रेस, आम आदमी पार्टी और निर्दलीय प्रत्याशियों के समर्थक मतदाताओं से अपने पक्ष में मतदान की अपील करते नजर आए। अब सभी की निगाहें 4 जून को होने वाली मतगणना पर टिकी हैं, जब शिवनंदनपुर नगर पंचायत की पहली निर्वाचित सरकार का फैसला सामने आएगा।

मंत्री, विधायक कार्यकर्ताओं ने बहाया पसीना

नगरीय चुनाव में सत्ताधारी पार्टी के मंत्री, विधायक पदाधिकारी कार्यकर्ताओं ने जमकर पसीना बहाया। चुनाव प्रबंधन से लेकर मतदाताओं के घर-घर पहुंच जनसंपर्क में महिला बाल विकास समाज कल्याण मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल सहित भीमसेन अग्रवाल, जिला अध्यक्ष और उनकी पूरी टीम ने पार्टी को जिताने पूरी ताकत लगाई। इधर कुछ पार्टी पदाधिकारियों समर्थकों द्वारा चुनाव में भीतरघात की संभावनाओं से पार्टी की चिंता बढ़ी है लेकिन अंतिम समय तक स्थिति को काफी हद तक नियंत्रित कर लेने से डैमेज कंट्रोल की खबर है। वही कांग्रेस जिला अध्यक्ष शशि सिंह की अगुआई में विपक्ष में होते हुए भी कांटे का मुकाबला दिया। कुल मिलाकर चुनाव में कौन बाजी मारेगा इसका निर्णय चार जून को ही स्पष्ट हो सकेगा। फिलहाल दोनों ही दलों ने अपने अपने जीत के दावे किए हैं।

दो पंचायतों में सरपंच व अन्य पंचायतों में पंच पद का उपचुनाव की प्रक्रिया संपन्न, निर्वाचन प्रक्रिया के बाद नवीन सरपंचों की नियुक्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनपुर

जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत गोरता एवं ग्राम पंचायत जोधपुर में अलग अलग कारणों से हो रहे पंचायतों के उपचुनाव मे आज मतदान के बाद अब परिणाम सामने आ गए हैं जिसके बाद प्रत्याशियों के जीत के साथ ही पंचायतों में सरपंच के नामो की घोषणा भी हो गई है।

ज्ञात हो कि लखनपुर जनपद अंतर्गत ग्राम गोरता में पूर्व में नियुक्त सरपंच की आकस्मिक मृत्यु के बाद सरपंच का पद खाली था जिसके बाद आज पंचायत में चुनाव की प्रक्रिया संपन्न कराई गई तो वहीं ग्राम पंचायत जोधपुर में आदिवासी आरक्षित सीट होने के कारण तथा पूर्व में कोई भी आदिवासी प्रत्याशी नहीं मिलने के कारण पूर्व में हुए चुनाव के 1.5 साल बाद पंचायत की मांग पर फिर से उस सीट को सामान्य कर चुनाव की प्रक्रिया संपन्न की गई। दोनों ही जगहों पर शांति पूर्ण ढंग से चुनाव संपन्न हुआ तथा मतदान केंद्रों में चुनाव दल ने पीठासीन अधिकारी के मार्गदर्शन में निष्पक्ष रूप से चुनाव संपन्न कराया। ग्राम पंचायत गोरता में दो प्रत्याशियों ने सरपंच पद के लिए अपना भाग्य आजमाया था तथा ग्राम पंचायत जोधपुर में 4 प्रत्याशी सरपंच पद के लिए चुनाव मैदान में थे। चुनाव के मद्देनजर सारी तैयारियां प्रशासन द्वारा पूर्ण कर ली गई थी जिसके बाद ग्राम गोरता में तीन तथा ग्राम जोधपुर में एक पोलिंग बूथ बनाया गया था जहां लोगो ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। अगर मतदाताओं की बात करें तो ग्राम पंचायत गोरता काफ़ी बड़ा पंचायत है जहां करीब 1700 मतदाता हैं तो वही ग्राम पंचायत जोधपुर में 632 के करीब मतदाता हैं। दोनों ही पंचायतों में अब चुनाव के परिणाम भी निकल कर आ गए हैं जहाँ ग्राम पंचायत गोरता में तीनो पोलिंग बूथ के मतों को मिलाकर रामकुमार कोराम ने अपने प्रतिद्वंदी मनसु उइके को मात दी है तो वहीं ग्राम पंचायत जोधपुर में अपनी किस्मत आजमा रहे चार प्रत्याशियों में बाबूलाल राजवाड़े ने अपने निकटतम तीन प्रतिद्वंदियों को मात देते हुए सरपंच पद प्राप्त किया है। इसके साथ ही ग्राम पंचायत जोधपुर में 5 पंचों की नियुक्ति निर्विरोध हुई है।चुनाव काफ़ी शांतिपूर्ण रहा जिसके बाद अब परिणामों की घोषणा के बाद सरपंच के नामो की घोषणा भी हो गई है जहाँ उन्हें शाम होते तक प्रमाण पत्र भी दे दिए जाएंगे जिसके बाद आगे आने वाले दिनों में वो पंचायत के सरपंच का कार्यभार संभालेंगे।

तुषार मानिक ने की विधायक व अपने नार्को टेस्ट की मांग, हड़ताल से कार्यालयों में काम काज ठप, राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों ने काली पट्टी लगाकर किया काम

अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे तहसीलदार-नायब तहसीलदार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

नायब तहसीलदार तुषार मानिक और सीतापुर विधायक राम कुमार टोप्पो के बीच शुरू हुआ विवाद अब गहराता जा रहा है। मारपीट के बाद विधायक व आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर तहसीलदार और नायब तहसीलदार अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए है। इस हड़ताल को राजस्व निरीक्षकों का भी समर्थन मिला। इसके साथ ही राज्य प्रशासनिक सेवा संघ ने काली पट्टी लगाकर काम किया। इस हड़ताल के कारण तहसील व उप तहसील कार्यालयों में सन्नाटा पसर गया और लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ा। इस बीच नायब तहसीलदार ने सच्चाई उजागर करने के लिए अपने साथ साथ विधायक और आरोप लगाने वाली उनकी बहन एवं एक अन्य महिला के नार्को टेस्ट की मांग कर दी है। इधर विधायक ने भी जांच में सहयोग करते हुए नार्को टेस्ट कराने पर अपनी सहमती जाहिर कर दी है।

बता दें कि सीतापुर विधायक रामकुमार टोप्पो की बड़ी बहन कोटछाल निवासी श्रीमती सीमा धनकी पति मुकेश धनकी द्वारा जेल में बंद पति को पैरोल पर बाहर निकालने के लिए शोध क्षमता प्रमाण पत्र बनवाने के लिए राजापुर नायब तहसीलदार तुषार माणिक के कार्यालय में 14 मई को आवेदन किया था। इसी शोध क्षमता प्रमाण पत्र बनाने को लेकर शुरू हुए विवाद में आरोप है कि विधायक राम कुमार टोप्पो ने राजापुर चौक पर एसडीएम फागेश सिन्हा की मौजूदगी में नायब तहसीलदार तुषार मानिक की पिटाई की। उनके कपड़े फाड़े और जमीन पर पटक ⏭शेष पेज 4 पर

नार्को टेस्ट की मांग

इधर इस घटना के बाद नायब तहसीलदार तुषार मानिक ने भी उनका और विधायक रामकुमार टोप्पो का नार्को टेस्ट कराने की मांग की है। इसके साथ ही उन्होंने कहा है कि गंभीर आरोप लगाने वाली विधायक की बहन और एक अन्य महिला का भी नार्को टेस्ट कराया जाए। उन्होंने कहा कि कोई नहीं चाहता की जनता काम बंद हो और लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़े लेकिन यदि विधायक और उनके समर्थकों द्वारा सार्वजनिक रूप से मारपीट और गाली गलौज किया जा रहा है तो यह स्वीकार्य नहीं है। कोई भी अधिकारी कर्मचारी इस तरह से काम नहीं कर सकता। जेल से पैरोल के कैदी को रिहा करने के दस्तावेज का मामला है। दस्तावेज अपूर्ण था, अगर कुछ भी होता तो जिम्मेदारी तहसीलदार की होती इसलिए मेरी मांग कि हम सभी का नार्को टेस्ट कराया जाए जिससे सच्चाई सामने आ जाएगी। जब तक उचित कार्रवाई नहीं होती, आंदोलन जारी रहेगा।

विधायक ने भी दी जांच पर सहमती

नायब तहसीलदार तुषार मानिक द्वारा नार्को टेस्ट की मांग पर सीतापुर विधायक राम कुमार टोप्पो ने भी सहमती जता दी है। उन्होंने कहा कि हम निष्पक्ष होकर जांच में सहयोग कर रहे है। अगर नार्को टेस्ट होता है तो इसमें भी पूर्ण सहयोग करेंगे और जांच में किसी प्रकार की बाधा नहीं आएगी। उन्होंने कहा कि यह धरना गलतियों को दबाने के लिए किया जा रहा है और गलत आरोप लगाया जा रहा है जो उचित नहीं है। अगर वो समझते है कि कार्रवाई नहीं होगी तो गलत है। कार्रवाई जरुर होगी। पुलिस निष्पक्ष जांच कर रही है। विदित हो कि गिरफ्तारी की मांग के बाद विधायक भी स्वयं अपनी गिरफ्तारी देने के लिए गाड़ियों का काफिला लेकर निकले थे लेकिन कार्यकर्ताओं के प्रदर्शन के बाद वे वापस लौट गये।

एक महीने से अनुपस्थित नेत्र सहायक अधिकारी निलंबित

अंबिकापुर। लगातार एक महीने से अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित चल रहे नेत्र सहायक को निलंबित कर दिया गया है। संभागीय संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं ने निरीक्षण के बाद नेत्र सहायक को कारण बताओं नोटिस जारी किया था और नोटिस का जवाब नहीं मिलने पर यह कार्रवाई की गई है।

बता दें कि 26 मई को संभागीय संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. अनिल कुमार शुक्ला ने सूरजपुर जिले के अंतर्गत आने वाले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पम्पापुर का आकस्मिक निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान यह जानकारी सामने आई थी कि अस्पताल में पदस्थ नेत्र सहायक अधिकारी शहीद हुसैन अनाधिकृत रूप से 30 दिनों से अनुपस्थित है और दैनिक उपस्थिति पंजी में हस्ताक्षर नहीं किया है। ऐसे में जेडी हेल्थ ने नेत्र सहायक अधिकारी शाहिद हुसैन को कारण बताओं नोटिस जारी कर 3 दिनों में जवाब माँगा था लेकिन नेत्र सहायक अधिकारी ना ही ड्यूटी पर उपस्थित हुए और ना ही कारण बताओ नोटिस का जवाब दिया गया। इसके साथ ही 1 जून को पुनः बीएमओ प्रतापपुर में दोपहर 12.15 बजे पम्पापुर पीएचसी का निरीक्षण किया गया जिसमें भी शाहिद हुसैन अनुपस्थित पाए गए। ऐसे में इसे छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम-3 का स्पष्ट उल्लंघन मानते हुए तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय सीएमएचओ कार्यालय सूरजपुर निर्धारित किया गया है।

खबर संक्षेप

सभी ग्राम पंचायतों में होगी 5 को विशेष ग्राम सभा

बैकुण्ठपुर। आयुक्त, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति एवं जनजाति विद्यार्थी उत्कर्ष योजना पूर्व में जवाहर उत्कर्ष योजना अंतर्गत उत्कृष्ट निजी विद्यालयों में कक्षा 6 वीं में प्रवेश के लिए आयोजित होने वाली लिखित परीक्षा स्थगित कर दी गई है। इस संबंध में सहायक आयुक्त अनुसूचित जाति, जनजाति विकास विभाग ने जानकारी दी है कि उक्त परीक्षा 26 जुलाई को दोपहर 12 से 2 बजे तक आयोजित की जानी थी। वर्तमान में आवंटित संस्थाओं के इम्पैनलमेंट एवं प्रवेश प्रक्रिया में विलंब होने के कारण परीक्षा स्थगित की गई है।

26 जुलाई को प्रस्तावित लिखित परीक्षा टली

मनेन्द्रगढ़। मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति एवं जनजाति विद्यार्थी उत्कर्ष योजना पूर्व में जवाहर उत्कर्ष योजना के अंतर्गत कक्षा 6 वीं में प्रवेश के लिए आयोजित की जाने वाली लिखित परीक्षा को फिलहाल स्थगित कर दिया गया है। प्रवेश प्रक्रिया एवं आवंटित संस्थाओं के इम्पैनलमेंट कार्य में विलंब होने के कारण यह निर्णय लिया गया है। कार्यालय आयुक्त, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, नवा रायपुर अटल नगर द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार 26 जुलाई रविवार को दोपहर 12 से 2 बजे तक आयोजित होने वाली लिखित परीक्षा अब निर्धारित तिथि पर आयोजित नहीं होगी। कार्यालय कलेक्टर आदिवासी विकास एमसीबी द्वारा परीक्षा में सम्मिलित होने वाले विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को इस संबंध में सूचित किया गया है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि वर्तमान में परीक्षा से संबंधित किसी भी प्रकार का आवेदन जमा नहीं किया जाए। परीक्षा की नई तिथि एवं आगे की प्रक्रिया की जानकारी पृथक रूप से जारी की जाएगी।

न्यू लाईफ बीएससी नर्सिंग का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट

बैकुण्ठपुर। न्यू लाईफ इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग बैकुंठपुर में बीएससी नर्सिंग पाठ्यक्रम संचालित है। बीएससी नर्सिंग सातवां सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं का परीक्षा परिणाम पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय रायपुर द्वारा घोषित कर दिया गया है। इसमें न्यू लाईफ इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग बैकुंठपुर में अध्ययनरत बीएससी नर्सिंग सातवां सेमेस्टर के छात्राओं का परीक्षा परिणाम सराहनीय रहा है। इसमें छात्रा अंजली यादव एवं शिलोचना ने 79 प्रतिशत प्राप्त कर कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किए, रेशमी साहू 77.60 प्रतिशत प्राप्त कर द्वितीय स्थान तथा सुनीता अहिरवार 76.80 प्रतिशत प्राप्त कर कक्षा में तृतीय स्थान प्राप्त किया। छात्राओं के उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम ने महाविद्यालय को गौरवान्वित किया है, छात्राओं ने परीक्षा परिणाम का श्रेय माता-पिता एवं संस्था के प्रबंधन एवं प्राचार्य तथा समस्त शिक्षकों को दिया।

वनांचल में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन

सोनहत। विकासखंड सोनहत के ग्राम भैंसवार में सर्वजन कल्याण एवं जनसहयोग से पुरूषोत्तम मास के अवसर पर 28 मई से 5 जून तक श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा का वाचन कथा व्यास श्री हेरंब कृष्ण दीक्षित सोनू महाराज द्वारा किया जा रहा है। आयोजन के अंतर्गत श्रीमद्भागवत कथा, गौपूजन, हवन एवं भंडारे का कार्यक्रम भी रखा गया है। यह धार्मिक आयोजन ओमकारेश्वर वनस्थली भागवत कथा आयोजन भक्त संघ, केशरी नंदन परिवार तथा ग्राम के श्रद्धालुओं के सहयोग से संपन्न हो रहा है।

5 .32 करोड़ के विकास कार्यों का भूमिपूजन

चिरमिरी को मिलेगी बेहतर सड़क व रोशनी की सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोमनहिल

एमसीबी जिले के चिरमिरी नगर निगम क्षेत्र के लिए सोमवार का दिन विकास की नई उम्मीदें लेकर आया।

प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक श्याम बिहारी जायसवाल ने नगर निगम क्षेत्र में 5 करोड़ 32 लाख रूपए की लागत से होने वाले विभिन्न विकास कार्यों का विधिवत भूमिपूजन किया। लंबे समय से स्थानीय लोगों द्वारा सड़कों और बुनियादी सुविधाओं की मांग की जा रही थी, जिसे प्राथमिकता देते हुए इन परियोजनाओं को स्वीकृति दी गई। भूमिपूजन कार्यक्रम के तहत हल्दीबाड़ी ,कालीबाड़ी से बड़ा बाजार तक जर्जर सड़क के नवीनीकरण कार्य के साथ गोदरीपारा से डोमनहिल तक गौरव पथ का निर्माण किया जाएगा।

भूमिपूजन करते स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल व अन्य।

वहीं छोटा बाजार से रेलवे स्टेशन तक रिटेनिंग वॉल निर्माण, हल्दीबाड़ी से रेलवे स्टेशन तक सीसी रोड निर्माण, स्ट्रीट लाइट एवं हाईमास्ट लाइट लगाने जैसे कार्य भी शामिल हैं। इन कार्यों के पूर्ण होने के बाद शहर मे आवागमन सुगम होगा और नागरिकों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं मिल सकेंगी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि चिरमिरी क्षेत्र की जनता और पार्षद लंबे समय से सड़क निर्माण की मांग कर रहे थे। मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री के सहयोग से इन कार्यों को स्वीकृति मिली।

छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक फेडरेशन ने सौंपा ज्ञापन

जशपुरनगर। छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक फेडरेशन के प्रतिनिधिमण्डल ने डॉ कमलप्रीत सिंह सचिव स्कूल शिक्षा एवं ऋतुराज रघुवंशी संचालक लोक शिक्षण से मिलकर 4 सूत्रीय ज्ञापन दिया है। उक्ताशय की जानकारी देते हुए फेडरेशन के जिला अध्यक्ष विनोद गुप्ता ने बताया कि प्राचार्य के स्वीकृत पदों पर 90 प्रतिशत पद पदोन्नति द्वारा तथा 10 प्रतिशत पद सीमित विभागीय परीक्षा द्वारा नियुक्त करने का नियम है। शिक्षा विभाग के द्वारा 90 प्रतिशत कोटा के अंतर्गत पदोन्नति किया गया है। लेकिन 10 प्रतिशत कोटा अंतर्गत भर्ती लंबित है। छत्तीसगढ़ स्कूल शिक्षा सेवा (शैक्षिक एवं प्रशासनिक संवर्ग) भर्ती तथा पदोन्नति नियम 5 मार्च 2019 एवं 13 फरवरी 2026 के अनुसूची-दो में 10 प्रति8शत पदों पर अशासकीय,निजी अनुदान प्राप्त स्कूल,स्वायत्तशासी निकाय में कार्यरत शिक्षकों के सीमित परीक्षा के माध्यम से सीधी भर्ती द्वारा भरे जाने का उल्लेख है।

नर्सिंग कॉलेज के प्रस्तावित स्थल का खिलाड़ियों ने किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जिले के सरडी जूनापारा में खेल मैदान में प्रस्तावित नर्सिंग कालेज निर्माण को लेकर सोमवार को युवा खिलाड़ियों ने कलेक्टर से मुलाकात की और कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर अपनी नाराजगी व्यक्त किए। खिलाड़ियों का कहना है कि पिछले 50 साल से यह ग्राउंड आसपास के खिलाड़ियों के लिए खेल का एकमात्र प्रमुख केन्द्र रहा है, जहां से अनेक खिलाड़ी हर साल निकलते हैं, इसके अलावा आसपास कोई खेल मैदान नहीं हैं, ऐसे में ग्रामवासियों के विरोध के बाद भी मुख्य मैदान में नर्सिंग कालेज और हॉस्टल बनाने के निर्णय पर सवाल खड़े कर रहे हैं। उनकी मांग है कि उक्त कॉलेज पीछे जमीन में या अन्यत्र किसी सुलभ जगह में बनाया जाए। विरोध की जानकारी मिलते ही स्थानीय विधायक भईयालाल राजवाड़े भी कलेक्ट्रेट पहुंच गए और खिलाड़ियों से बात कर अपनी समझाईश दी। वहीं गांव के कुछ अन्य लोगों का कहना है कि नर्सिंग कॉलेज सरडी में बनने से यहां का विकास होगा, इसलिए निर्माण कार्य होना चाहिए।

एरोबिक्स-जुम्बा फिटनेस सेशन में उमड़ी भीड़

मनेन्द्रगढ़। स्वस्थ मनेन्द्रगढ़, प्रसन्न मनेन्द्रगढ़ की परिकल्पना को साकार करने के उद्देश्य से 18 वीं बटालियन द्वारा आ यो जि त निःशुल्क एरोबिक्स एवं जुम्बा फिटनेस अभियान को शहरवासियों का लगातार उत्साहजनक समर्थन मिल रहा है।

- 400 से अधिक लोगों ने लिया हिस्सा

रविवार को आयोजित विशेष फिटनेस सेशन में महिलाओं, बच्चों और आम नागरिकों सहित लगभग 350 से 400 प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। नदी पार स्थित पार्क में आयोजित कार्यक्रम 18 वीं बटालियन के कमांडेंट संजय शर्मा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। पतंजलि योग समिति और स्थानीय नागरिकों केक सहयोग से आयोजित यह पहल लोगों को बेहतर स्वास्थ्य, फिटनेस और तनावमुक्त जीवनशैली की ओर प्रेरित कर रही है। फिटनेस सत्र के दौरान प्रतिभागियों को एरोबिक्स और जुम्बा के विभिन्न स्टेप्स का अभ्यास कराया गया। इस अवसर पर कमांडेंट श्री शर्मा ने बताया कि नियमित 60 मिनट के एरोबिक्स-जुम्बा अभ्यास से 340 से 500 कैलोरी तक बर्न की जा सकती है।

उप निरीक्षक साहू हुए सेवानिवृत

जशपुरनगर। पुलिस विभाग में लगभग 40 वर्षों तक उत्कृष्ट, कर्तव्यनिष्ठ एवं निष्पक्ष सेवाएं प्रदान करने के उपरांत उप निरीक्षक नारायण प्रसाद साहू 31 मई को अधिवार्षिकी आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हो गए। इस अवसर पर डीआईजी एवं एसएसपी जशपुर डॉ. लाल उमेद सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय जशपुर में गरिमामय विदाई समारोह आयोजित कर उन्हें ससम्मान विदाई दी गई। डीआईजी एवं एसएसपी डॉ.लाल उमेद सिंह ने श्री साहू का सम्मान किया। विदाई समारोह में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने श्री साहू के साथ बिताए गए अनुभवों को साझा करते हुए उनके योगदान की सराहना की तथा उनके स्वस्थ, सुखद एवं दीर्घायु जीवन की कामना करते हुए भावभीनी विदाई दी।

राजस्व निरीक्षक संघ ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

बैकुण्ठपुर। बीते दिनों सरगुजा जिले के सीतापुर विधायक व उप तहसील राजापुर में पदस्थ नायब तहसीलदार के बीच हुई मारपीट एवं अभद्र व्यवहार करने के मामले की आंच प्रदेश समेत कोरिया जिले तक भी पहुंच गई।

छग राजस्व निरीक्षक संघ ईकाई कोरिया अध्यक्ष प्रकाश नारायण दुबे के नेतृत्व में संघ के पदाधिकारी सोमवार को कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव को ज्ञापन सौंपकर सीतापुर विधायक रामकुमार टोप्पो एवं उनके सहयोगियों को तत्काल गिरफ्तार कर कार्रवाई की मांग की है। कलेक्टर के नाम सौंपे गए ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि 27 मई को उप तहसील राजापुर सरगुजा में पदस्थ नायब तहसीलदार तुषार मानिक के साथ सीतापुर विधायक एवं उनके कार्यकर्ताओं सहयोगियों द्वारा अपमानजक अभद्र व्यवहार किया गया साथ ही क्षेत्र के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व की उपस्थिति में नायब तहसीलदार तुषार मानिक के साथ मारपीट की गई। घटना में संलिप्त आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार करने की मांग ज्ञापन सौंपकर की गई। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि घटना में संलिप्त लोगों को गिरफ्तार कर कार्रवाई नहीं की जाती है तो प्रदेशभर के राजस्व निरीक्षक सामूहिक आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

मिनी स्टेडियम में टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ

बैकुण्ठपुर। प्रेसिडेंट एंड वाइस प्रेसिडेंट कप टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। उद्घाटन समारोह में खिलाड़ियों, खेल प्रेमियों एवं गणमान्य नागरिकों की काफी संख्या में उपस्थिति रही। आयोजन ने क्षेत्र में खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने की दिशा में नई पहल का संदेश दिया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका परिषद अध्यक्ष श्रीमती नविता शिवहरे उपस्थित रहीं, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर पालिका परिषद उपाध्यक्ष आशीष यादव शामिल हुए। अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उन्हें बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर भोला शिवहरे,पार्षद धीरज शिवहरे, पार्षद लवी गुप्ता, दीपक सिंह, राजीव गुप्ता एवं गोलू सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे।आयोजन को सफल बनाने में बीसीसी आयोजन समिति की अहम भूमिका रही। समिति के सदस्य नीरज शिवहरे, रवि गुप्ता, सलीम समद, ओपी यादव, पुनीत ताम्रकार, गुड्डू, मिराज अली, जानू शिवहरे, फिरोज खान, अमन होजाफा, विवेक कुमार, विपुल शुक्ला, मोनू अग्रवाल, जिमी एवं शकील अहमद ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया।

आयोजन समिति ने सभी अतिथियों, खिलाड़ियों, दर्शकों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह के खेल आयोजन युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का बेहतर मंच प्रदान करते हैं तथा खेल भावना को बढ़ावा देते हैं।

कृषि ऋण आउटरीच कैंप 6 को

बैकुण्ठपुर। सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया द्वारा 6 जून को संपूर्ण भारत में कृषि ऋण आउटरीच कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में जिले के अग्रणी बैंक सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की सभी पांच शाखाओं में कृषि ऋण आउटरीच कैंप आयोजित किए जाएंगे। कैंप के दौरान कृषि क्षेत्र से संबंधित विभिन्न ऋण योजनाओं के अंतर्गत ऋण स्वीकृति एवं संवितरण की कार्रवाई की जाएगी। इनमें किसान क्रेडिट कार्ड, स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों के लिए ऋण, पशुपालन ऋण, मत्स्यपालन ऋण, गव्य विकास ऋण, मुर्गीपालन, ग्रामीण भंडारण, फूड प्रोसेसिंग, पी एम एफ एम ई, वेयरहाउस, राइस मिल, एग्री क्लिनिक एवं एग्री बिजनेस सहित अन्य कृषि योजनाएं शामिल हैं। कृषि कार्यों में संलग्न किसानों, कृषि उद्यमियों तथा ग्रामीण क्षेत्र के सभी व्यवसायी अपनी आवश्यकता अनुसार कृषि ऋण के लिए आवेदन पत्र सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की निकटतम शाखा में जमा करें तथा कृषि ऋण आउटरीच कैंप का अधिकतम लाभ उठाएं। उक्त जानकारी अग्रणी जिला प्रबंधक एलडीएम, कोरिया शशि भूषण पाठक द्वारा प्रदान की गई।

281 पंचायतों में जनगणना के पहले चरण का कार्य पूर्ण

द्वितीय चरण जनसंख्या गणना का कार्य फरवरी 2027 तक संपादित होगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

भारत की जनगणना 2027 का कार्य जिले में दो चरणों में संपादित किया जा रहा है। प्रथम चरण यथा मकानसूचीकरण एवं मकानों के गणना का फील्ड कार्य तिथि 1 मई से प्रारंभ होकर 30 मई को सफलतापूर्वक संपादित किया गया। द्वितीय चरण जनसंख्या गणना का कार्य फरवरी 2027 में संपादित किया जाएगा।

प्रथम चरण मकान सूचीकरण का कार्य द्वितीय चरण जनसंख्या गणना कार्य के लिए एक फ्रेम प्रदान करती है, जिससे कि द्वितीय चरण जनसंख्या गणना कार्य के दौरान कोई भी मकान एवं उसमें रहने वाले परिवार गणना से न छूटे। प्रथम चरण मकान सूचीकरण कार्य जिले के समस्त तहसीलों एवं नगरीय क्षेत्रों में कुशलता एवं शांतिपूर्वक संपादित किया गया। इस दौरान जिले के सभी ग्रामों एवं नगरीय क्षेत्रों में प्रगणकों के द्वारा घर-घर जाकर प्रत्येक मकान एवं उसमें निवासरत परिवारों से भारत सरकार द्वारा अधिसूचित 33 प्रश्न जो कि मकानों की स्थिति, परिवारों को उपलब्ध सुविधाएं तथा परिसंपत्ति से संबंधित थी, की जानकारी मोबाइल एप्प के माध्यम से संकलित की गई। अब यह जानकारी भारत सरकार के सर्वर में सुरक्षित रख ली गई है। इस चरण में जिले के समस्त क्षेत्रों को पूर्ण रूप से कवर किया गया एवं कोई भी क्षेत्र गणना कार्य से नहीं छूटा है। जानकारी प्राप्त करने में जिले के निवासियों का अभूतपूर्व सहयोग रहा है। कोरिया जिले के तहसील सोनहत में स्थित गुरू घासीदास नेशनल पार्क, जो कि पूर्णतः वनाच्छादित क्षेत्र है, इस क्षेत्र के दूरस्थ ग्रामों में भी प्रगणकों के द्वारा घर-घर जाकर जानकारी समय-सीमा में प्राप्त कर कुशलतापूर्वक कार्य संपादित किया गया। कोरिया जिले के आम नागरिकों के द्वारा जनगणना से संबंधित जो भी व्यक्तिगत जानकारी दी गई है, वह जनगणना अधिनियम 1948 तथा जनगणना नियमावली 1990 के प्रावधानों के तहत पूर्णतः गोपनीय रखी जाएगी। संकलित किए गए इन ऑकड़ों का उपयोग केवल नीति निर्माण एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के लिए ही किया जाएगा एवं भारत सरकार के द्वारा संपूर्ण जनगणना प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात यथोचित समय पर इन ऑकड़ों को जारी किया जाएगा। जिले में जनगणना 2027 प्रथम चरण का कार्य 3 नगरीय निकाय एवं 4 तहसीलों के अंतर्गत 281 ग्रामों में संपादित किया गया है। इस कार्य को संपादित करने के लिए जिले में 4 ग्रामीण चार्ज एवं 3 नगरीय चार्ज तथा इन चार्जों के अंतर्गत 551 मकानसूचीकरण गणना ब्लॉक बनाए गए थे। जिले में इस कार्य के लिए राज्य, जिला द्वारा जिला-खंड स्तर के विभिन्न अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई थी, जिसमें कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी, नोडल अधिकारी जनगणना, अपर कलेक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी, अनुविभागीय अधिकारी जनगणना व जिला स्तर के अधिकारी, 7 चार्ज अधिकारी तहसीलदार/मुख्य नगरपालिका अधिकारी, 2 मास्टर ट्रेनर्स, 12 फील्ड टेनर्स, 490 प्रगणक एवं 87 सुपरवाईजर शामिल रहे।

पद्मश्री जागेश्वर राम ने किया उल्लास समर कैंप का शुभारंभ

जशपुरनगर। छत्तीसगढ़िया क्लाउड के द्वारा जशपुर के कला में रुची रखनेवाले छात्र- छात्राओं, किशोर और युवाओं के लिए प्रतिवर्ष की तरह उल्लास समर कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। कैम्प में बहुत सारे प्रतिभागियों ने पंजीयन कराया है जिन्हें आज से अपनी कला को निखारने का अवसर प्राप्त होगा। यह कैम्प 15 दिनों तक चलेगा. छात्र प्रशिक्षण के दौरान जो कुछ भी सीखेंगे उसकी प्रस्तुति और प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। नृत्य का प्रशिक्षण मनीषा भगत के द्वारा होगा वहीं चित्रकला का प्रशिक्षण टेसु और सुमन के द्वारा प्रदान किया जाएगा। चित्रकला विषय के प्रतिभागियों को लाइव नेचर स्टडी और लैंडस्केप बनते हुए देखने का मौका भी मिलेगा।कला कौशल सीखने पर भविष्य में इसे पेशेवर रूप में अपनाकर अपना नाम और जीवन भी बनाया जा सकता है। कैम्प के लिए जशपुर के साथ बिलासपुर और झारखंड के कलाकारों ने भी अपनी रुचि दिखाई है। भविष्य में इस कैम्प का आयोजन आवासीय शिविर के रूप किया जाएगा।

खाद-भंडारण के संबंध में अधिकारियों से किए गए सवाल-जवाब

लंबित प्रकरणों का निर्धारित समय-सीमा पर हो निराकरण: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

श्रीमती रोक्तिमा यादव की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष बैकुंठपुर में आयोजित समय-सीमा की बैठक में विभागवार लंबित प्रकरणों, उपलब्धियों तथा विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की गई। बैठक की शुरूआत राजस्व, वन, आदिम जाति विकास तथा पंचायत विभाग में लंबित प्रकरणों की समीक्षा से हुई।

कलेक्टर ने कहा कि लंबे समय तक प्रकरणों का निराकरण न होना अत्यंत गंभीर विषय है। प्रत्येक कार्य के लिए समय-सीमा निर्धारित है और यदि कोई विभागीय अधिकारी लंबे समय तक प्रकरणों का निराकरण नहीं करता है तो उसकी जवाबदेही तय की जाएगी। उन्होंने एसडीएम, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों, सहायक आयुक्त आदिम जाति विकास, एसडीओ वन सहित अन्य अधिकारियों को निर्देशित किया कि लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उच्च न्यायालय में लंबित प्रकरणों की

समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि वे प्रत्येक मामले की पूरी जानकारी रखें, जिसमें प्रकरण का विषय, लंबित रहने की अवधि, प्रस्तुत जवाब-दावा तथा न्यायालय के निर्देश शामिल हों। उन्होंने न्यायालयीन प्रकरणों को गंभीरता से लेते हुए समय पर जवाब-दावा प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कृषि विभाग के अधिकारी से कहा कि खेती-किसानी का समय आ रहा है, ऐसे में किसानों को समय पर खाद-बीज उपलब्ध हो, समितियों में कर्मचारी उपस्थित रहें ताकि किसानों को किसी तरह की कोई असुविधा न हो। साथ ही किसानों को दलहन, तिलहन खेती को अपनाने के लिए प्रेरित करने की बात कही। कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव ने कहा कि सुशासन तिहार के अंतर्गत आयोजित जनसमस्या निवारण शिविरों में अधिकांश आवेदन राजस्व विभाग से संबंधित प्राप्त हुए हैं। उन्होंने एसडीएम को निर्देश दिए कि ऐसे मामलों का त्वरित निराकरण किया जाए तथा आवश्यकता पड़ने पर अन्य विभागों से समन्वय स्थापित कर कार्रवाई की जाए।

उन्होंने कहा प्राप्त आवेदनों का निराकरण गुणवत्तापूर्ण व तेजी से करें। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी पीएचई विभाग के अधिकारी को पेयजल समस्याओं का त्वरित निराकरण करने तथा खराब हैंडपंपों की मरम्मत में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्राम पंचायत सचिवों से भी खराब हैंडपंपों की जानकारी नियमित रूप से प्राप्त करने को कहा। बैठक के दौरान कुछ अधिकारियों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का संतोषजनक उत्तर नहीं दिए जाने पर कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि भविष्य में सभी अधिकारी बैठक में पूरी तैयारी के साथ उपस्थित हों। कलेक्टर ने कहा कि शासन की योजनाओं की जानकारी दूरस्थ अंचल तक पहुंचाने में मीडिया और सोशल मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि कई ऐसी योजनाएं हैं जिनका लाभ आमजन आसानी से प्राप्त कर सकते हैं, लेकिन पर्याप्त जानकारी के अभाव में लोग उनसे वंचित रह जाते हैं। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी, अपर कलेक्टर डीडी मंडावी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

राजस्व प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश

जशपुरनगर। अपर कलेक्टर प्रदीप कुमार साहू ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक लेकर जिले में संचालित विभिन्न राजस्व कार्यों एवं लंबित प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक के दौरान अपर कलेक्टर ने आधार एवं मोबाइल नंबर अद्यतन, किसान किताब प्रविष्टि, अविवादित एवं फौती नामांतरण, नक्शा अद्यतन, बटांकन, सीमांकन, ई-नामांतरण, स्वामित्व योजना, अभिलेख दुरुस्तीकरण, अभिलेख शुद्धता, व्यपवर्तन तथा राजस्व न्यायालयों से संबंधित प्रकरणों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी राजस्व प्रकरणों का नियमानुसार शत-प्रतिशत निराकरण निर्धारित समय-सीमा के भीतर सुनिश्चित करें। समीक्षा बैठक में अपर कलेक्टर श्री साहू ने स्वामित्व योजना के अंतर्गत लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के निर्देश भी दिए। उन्होंने भू-अर्जन से संबंधित प्रकरणों के समयबद्ध निराकरण के निर्देश देते हुए कहा कि लंबित मामलों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण करें। अपर कलेक्टर ने आरबीसी 6-4 के अंतर्गत लंबित प्रकरणों एवं पीड़ित क्षतिपूर्ति राशि से संबंधित मामलों के त्वरित निराकरण पर विशेष जोर देते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया ।

मोर गांव मोर पानी महाभियान, 140 से अधिक श्रमिकों को प्रतिदिन मिल रहा काम

बैकुण्ठपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा प्रारंभ किए गए मोर गांव मोर पानी महाभियान के तहत कोरिया जिले में जल संरक्षण और ग्रामीण रोजगार को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न कार्य किए जा रहे हैं।

इसी क्रम में वनांचल क्षेत्र के जनपद पंचायत सोनहत अंतर्गत ग्राम पंचायत मेण्ड्रा में मनरेगा के तहत नवा तरिया निर्माण कार्य तेजी से जारी है। कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव के निर्देशन में संचालित इस कार्य को आगामी 15 जून तक पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। ग्राम पंचायत के सरपंच, उप सरपंच एवं पंचों के नेतृत्व में गांव के पंजीकृत श्रमिक पूरी सक्रियता के साथ निर्माण कार्य में जुटे हुए हैं। ग्रामीणों ने बताया कि नवा तरिया निर्माण कार्य का चयन ग्रामसभा की सहमति से किया गया है। भूमिपूजन के बाद से ही निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। बारिश से पहले कार्य पूरा करने के लिए ग्रामीण एकजुट होकर काम कर रहे हैं। इस परियोजना के माध्यम से गांव के प्रत्येक पात्र अकुशल श्रमिक परिवार को मांग के अनुरूप रोजगार उपलब्ध हो रहा है। मनरेगा के अंतर्गत इस कार्य के लिए 19 लाख 48 हजार रूपए की स्वीकृति प्रदान की गई है, जिसमें 17 लाख 28 हजार रूपए श्रम मद में व्यय किए जाएंगे। ग्राम पंचायत मेण्ड्रा को निर्माण एजेंसी बनाया गया है। लगभग 60 मीटर लंबाई एवं 50 मीटर चौड़ाई वाले इस तालाब में निर्माण पूर्ण होने के बाद 6600 घनमीटर से अधिक जल भंडारण क्षमता विकसित होगी।

खबर संक्षेप

कुलपति प्रो.लाकपाले ने उच्च शिक्षा मंत्री से की मुलाकात

अम्बिकापुर। संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय सरगुजा अंबिकापुर के कुलपति प्रो.राजेंद्र लाकपाले ने सोमवार को उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा से उनके निवास कार्यालय में सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर कुलपति प्रो.लाकपाले ने विश्वविद्यालय के विभिन्न परियोजनाओं, नवीन शिक्षण विभागों की स्थापना एवं नवीन रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रमों को आगामी शैक्षणिक सत्र से प्रारंभ करने के संबंध में विस्तृत चर्चा की। उन्होंने पीएम उषा प्रोजेक्ट को केंद्रीय उच्च शिक्षा मंत्रालय को प्रेषित करने हेतु डीपीआर एवं प्रोजेक्ट रिपोर्ट को उच्च शिक्षा मंत्री के अनुमोदन हेतु प्रस्तुत किया एवं आगामी परियोजनाओं के संबंध में विस्तार से जानकारी प्रदान की। कुलपति ने विश्वविद्यालय के नवीन परिसर भकुरा परिसर में किये जा रहे विकास कार्यों एवं विश्वविद्यालय के नवीन शिक्षण विभागों को स्थापित करने हेतु शासन से राशि की मांग की साथ ही उच्च शिक्षा मंत्री विश्वविद्यालय का भ्रमण करने का अनुरोध किया। उच्च शिक्षा मंत्री ने उनके अनुरोध को सहर्ष स्वीकार किया और राज्य शासन से विश्वविद्यालय हेतु लंबित राशि के लिए शासन स्तर पर पहल करने का आश्वासन प्रदान किया।

भकुरा में ग्रामीणों ने सुनी पीएम के मन की बात

अम्बिकापुर। जिपं सदस्य दिव्या सिंह सिसोदिया के मुख्य आतिथ्य में ग्राम पंचायत भकुरा के पंचायत भवन में रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम मन की बात का सामूहिक श्रवण किया गया। इस अवसर पर निःशुल्क चिकित्सा शिविर का भी आयोजन किया गया, जिसमें स्वास्थ्य कर्मियों ने ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक परामर्श और उपचार प्रदान किया। जन चौपाल में गांव के लोगों की समस्याओं को सुना गया और उनके समाधान की पहल करने का आश्वासन दिया गया। इस दौरान दिव्या सिंह सिसोदिया ने कहा कि मन की बात का सामूहिक श्रवण कर हमें अपने देश के विकास और सामाजिक जिम्मेदारियों की प्रेरणा मिली। स्वास्थ्य शिविर और जन-चौपाल का उद्देश्य ग्रामीणों तक जरूरी सेवाएं पहुंचाना और उनकी समस्याओं का प्रभावी समाधान करना है। ग्रामीणों से मिले सुझावों पर शीघ्रता से कार्य किया जाएगा। इस दौरान सरपंच श्याम पैंकरा, सचिव तुलसी राम, अनूप दास, रोहन मंडल, मंगल साय तथा ग्रामवासी उपस्थित थे।

बाबा बच्छराज कुंवर धाम मार्ग की बदहाल सड़क से श्रद्धालु परेशान

नई सड़क बनाने उखाड़ दी डामरीकृत सड़क, छह माह बाद भी नहीं हुआ काम शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

बाबा बच्छराज कुंवर धाम मार्ग की बदहाल सड़क अब श्रद्धालु सहित क्षेत्र के लोगों के लिए काफी कष्टदायक बन गई है। छह माह पूर्व ही लोगों के बेहतर आवागमन के लिए पुरानी सड़क को उखाड़ नई सड़क बनाने की तैयारी थी और विभाग द्वारा पुराने डामरीकृत सड़क को उखाड़ दिया गया। हैरानी की बात तो यह है कि सड़क उखाडे छह माह से अधिक हो गया परंतु आज तक नई सड़क निर्माण के लिए कोई पहल नहीं किया गया जिससे श्रद्धालु सहित क्षेत्र के लोग उबड़ खाबड़ जर्जर सड़क से आवागमन करने को मजबूर है। क्षेत्र के लोगों ने बरसात से पूर्व सड़क निर्माण पूरा किए जाने की मांग की है।

खास बात

- 5 करोड़ की लागत से बनेगी 12 किमी लंबी सड़क

रामानुजगंज क्षेत्र के प्रमुख आस्था केंद्र बाबा बच्छराज कुंवर धाम जाने वाले मुख्य मार्ग की जर्जर स्थिति से श्रद्धालुओं और आम लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। प्रतिदिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु धाम पहुंचते हैं, लेकिन सड़क निर्माण कार्य में हो रही देरी के कारण लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है।

उखाड़ी गई सड़क।

डब्ल्यूएमएम का नहीं था प्रावधान

लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के मुताबिक तीन-चार वर्ष पूर्व जब सड़क निर्माण का प्रस्ताव भेजा गया था, तब उसमें डब्ल्यूएमएम का प्रावधान नहीं था। वर्तमान में सड़क की खराब स्थिति को देखते हुए योजना में डब्ल्यूएमएम भी जोड़ा गया है। लगभग 12 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण करीब 5 करोड़ रुपये की लागत से किया जाएगा।

पिपरोल के समीप सीमा क्षेत्र से पहले बनी डामरीकृत सड़क को लोक निर्माण विभाग द्वारा नई सड़क निर्माण के नाम पर करीब छह माह पूर्व उखाड़ दिया गया था। इसके बाद से अब तक निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हो सका है। सड़क उखड़े रहने के कारण मार्ग पर धूल, गड्ढों और उबड़-खाबड़ रास्तों से लोगों का आवागमन बेहद कठिन हो गया है। श्रद्धालुओं, ग्रामीणों और वाहन चालकों को लगातार परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि विभागीय लापरवाही का खामियाजा लोग रोज भुगतने को मजबूर हैं।

आए दिन होती है दुर्घटनाएं

हर रोज बड़ी संख्या में श्रद्धालु बाबा बच्छराज कुंवर धाम दर्शन करने जाते है। इसके अलावा इस मार्ग से क्षेत्र के लोगों के आवागमन का प्रमुख मार्ग है। पुरानी डामरीकृत सड़क के उखाड़ देने से मुख्य मार्ग की हालत काफी जर्जर हो चुकी है। सड़क पर जगह-जगह गड्ढे और उबड़ खाबड़ होने से वाहन सवार की न सिर्फ परेशानी बढ़ गई है बल्कि हर समय दुर्घटना की स्थिति बनी रहती है। लोगों का कहना है कि दिन के समय तो लोग किसी तरह सफल करते है लेकिन रात के समय सड़क काफी खतरनाक हो जाता है और आए दिन मार्ग पर दुर्घटनाएं होती रहती है।

भेजा गया है रिवाइज्ड एस्टीमेट

सड़क निर्माण के लिए रिवाइज्ड एस्टीमेट स्वीकृति हेतु भेजा गया है। स्वीकृति मिलते ही निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा।
-अजय कुर्रे
एसडीओ लोक निर्माण विभाग

एनएच-343 की पेच रिपेयरिंग पर कांग्रेस का विरोध, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

राष्ट्रीय राजमार्ग-343 राजपुर नगर क्षेत्र में चल रहे पेंच रिपेयरिंग कार्य की गुणवत्ता को लेकर कांग्रेस ने विरोध जताया है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष नीरज तिवारी व कार्यकर्ताओं ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर सड़क मरम्मत कार्य की तकनीकी जांच कराने तथा निर्धारित मानकों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण कार्य कराने की मांग की है। साथ ही प्रस्तावित आंदोलन की सूचना थाना प्रभारी राजपुर को भी दी गई है।

- 5 जून को धरना व सांकेतिक चक्का जाम की चेतावनी

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष नीरज तिवारी सौंपे गए ज्ञापन में बताया है कि एनएच-343 की स्थिति पिछले लगभग दो वर्षों से अत्यंत खराब बनी हुई है। सड़क पर जगह-जगह बड़े गड्ढे और क्षतिग्रस्त हिस्से होने के कारण लोगों एवं व्यापारियों तथा वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क के नव निर्माण का कार्य अक्टूबर माह से प्रारंभ होने के बावजूद अब तक पूरा नहीं हो सका है, जिससे लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि बरसात पूर्व कराए जा रहे पेंच रिपेयरिंग कार्य में भी निर्धारित तकनीकी मानकों का पालन नहीं किया जा रहा है। जेसीबी मशीन के माध्यम से मनमाने तरीके से मरम्मत कार्य किया जा रहा है, जिससे सड़क की गुणवत्ता प्रभावित होने की आशंका है। नीरज तिवारी ने प्रशासन से मांग की है कि पेंच रिपेयरिंग कार्य की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की जाए तथा गुणवत्तापूर्ण मरम्मत कार्य कराया जाए। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि समय पर कार्रवाई नहीं हुई और कार्य में सुधार नहीं किया गया, तो 5 जून को राजपुर के नवकी मोड़ पर धरना-प्रदर्शन एवं सांकेतिक चक्का जाम किया जाएगा।

मिली है शिकायत

पेंच रिपेयरिंग गुणवत्ताहीन करने की शिकायत मिली है। संबंधित विभाग से मामले की जांच कराई जाएगी यदि कहीं भी तकनीकी खामी या लापरवाही पाई जाती है तो संबंधित एजेंसी को आवश्यक सुधार करने निर्देश दिए जाएंगे।
-देवेन्द्र प्रधान, एसडीएम राजपुर

लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

कलेक्टर ने समय-सीमा की बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यों एवं लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को जनहित से जुड़े मामलों का प्राथमिकता के साथ निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर ने जनदर्शन एवं मुख्यमंत्री जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों के निराकरण की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि लोगों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने नाम सुधार, फौती नामांतरण, सड़क निर्माण, मकान मुआवजा राशि, अतिक्रमण हटाने, स्मार्ट मीटर स्थापना, राजस्व प्रकरणों सहित विभिन्न लंबित मामलों की जानकारी ली। प्रकरणों के निराकरण में अपेक्षित प्रगति नहीं मिलने पर नाराजगी जताई और सभी मामलों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रगति की जानकारी ली तथा आवासों की स्वीकृति एवं निर्माण कार्य में तेजी लाने और लक्ष्य के अनुरूप कार्य सुनिश्चित करने कहा। जल जीवन मिशन के अंतर्गत सिंगल विलेज एवं मल्टी विलेज योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों से जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जल संचयन के संरचनाओं की जानकारी ली। उन्होंने वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते हुए नगरीय और ग्रामीण सभी क्षेत्रों में शुद्ध पेयजल की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिले की समितियों में खाद एवं बीज के भंडारण तथा किसानों को वितरण की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने किसानों को समय पर उर्वरक एवं गुणवत्तापूर्ण बीज उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में लोक निर्माण विभाग अंतर्गत निर्माणाधीन सड़कों, पुलों एवं भवनों की प्रगति की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने बारिश पूर्व सभी प्रमुख आवागमन मार्गों की आवश्यक मरम्मत एवं रखरखाव कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए, ताकि आम नागरिकों को आवागमन में किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े। कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को स्कूल खुलने के पूर्व की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने जिले के ड्रॉपआउट बच्चों की संपूर्ण जानकारी प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। विशेष रूप से आकांक्षी विकासखंड प्रतापपुर में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिए चिन्हित विद्यालयों में उचित कार्रवाई करते हुए विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने पांडुलिपि सर्वेक्षण के अंतर्गत जिले में उपलब्ध प्राचीन एवं महत्वपूर्ण पांडुलिपियों की जानकारी संकलित करने हेतु सर्वेक्षण कार्य करने के निर्देश दिए। इसके अलावा सभी जिला अधिकारियों को आगामी तीन माह की कार्ययोजना तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सुनियोजित कार्ययोजना के माध्यम से जिले के विकास कार्यों को अधिक प्रभावी ढंग से क्रियान्वित किया जा सकेगा तथा शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया जा सकेगा। इस दौरान जिपं सीईओ विजेंद्र सिंह पाटले, डिप्टी कलेक्टर, एसडीएम, विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर

डांड़गांव। ग्राम गुमगा अस्पताल के समीप एनएच 130 पर बोलेरो चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए बाइक सवार को टक्कर मार दी। घटना के बाद चालक वाहन लेकर फरार हो गया। को रबा अंतर्गत ग्राम मदनपुर निवासी भीम सिंह आ. रामलाल (36 वर्ष) बाइक क्रमांक सीजी 12 एटी 9071 से घर जा रहा था। जैसे ही बाइक सवार एनएच 130 गुमगा उप स्वास्थ्य केन्द्र के समीप पहुंचा तभी विपरीत दिशा से आ रहे बोलेरो चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। वाहन की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद चालक बोलेरो लेकर फरार हो गया हालांकि आसपास मौजूद लोगों ने वाहन का पीछा किया लेकिन चालक वाहन लेकर भागने में सफल हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने घटना की सूचना डायल 112 को दी। साथ ही घायल को उप स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने घायल की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उदयपुर रेफर कर दिया। इधर पुलिस घटना कारित वाहन की तलाश में जुट गई है।

सर्पदंश से गंभीर वृद्धा की गई जान

अम्बिकापुर। खाट पर सो रही वृद्धा को जहरीले सांप ने डंस लिया। परिजन वृद्धा को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। कांकेर अंतर्गत नवापली पंखापुर निवासी आलोरानी पाल पति स्व. निरजंन (71 वर्ष) पिछले एक साल से रामानुजगंज दामोदरपुर निवासी बेटी के ससुराल में रह रही थी। 21 मई की देर रात जब खाट पर सो रही थी तभी देर रात वृद्धा शोर मचाने लगी। परिजन मौके पर पहुंचे और बिस्तर हटाया तो सांप नजर आया। सांप द्वारा डंस लेने पर वृद्धा को बलरामपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान वृद्धा की मौत हो गई।

नाम परिवर्तन सूचना

मैं गनेश्वर सिंह आ.भोला राम उम्र लगभग 34 वर्ष जाति गोड़ निवासी ग्राम शिवनगर थाना व तह.प्रेमनगर जिला सूरजपुर छ.ग. मैं शपथपूर्वक कथन करता हूं कि मैं उपरोक्त पते की स्थायी निवासी हूं। मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार सत्य एवं सही है। और मेरे पुत्र का आकाश सिंह आ.गनेश्वर सिंह आधार कार्ड में अंकित हो गया है। मेरा पुत्र का आधार नंबर 5637 0588 7985 है। जिसमें मेरे पुत्र का नाम आकाश उइके आ. गनेश्वर सिंह अंकित है। मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र में पुत्र का शिवांस सिंह अंकित है और आधार कार्ड में आकाश उइके अंकित है और उक्त आधार कार्ड में अंकित नाम आकाश उइके के आधार कार्ड पर सही नाम शिवांश उइके सुधार कर अंकित किया जावे।

जिस हेतु मैं स्वयं का शपथ पत्र निष्पादित कर रहा हूं।

भवदीय
गनेश्वर सिंह
आ.भोला राम
निवासी- ग्राम शिवनगर थाना व तह. प्रेमनगर जिला सूरजपुर छ.ग.

नाम परिवर्तन सूचना

मैं सबिता कुशवाहा पति रिचकऊ कुशवाहा उम्र 45 वर्ष जाति कोईर निवासी ग्राम काटसही तहसील वाड्रफनगर जिला बलरामपुर रामानुजगंज (छ.ग.) मैं शपथपूर्वक कथन करती हूं कि मेरा वास्तविक नाम सबिता कुशवाहा (SABITA KUSHWAHA) पति रिचकऊ कुशवाहा है जो मेरे अंकसूची में भी मेरा यही नाम दर्ज है। मेरे पिता जी का नाम केशवलाल है मेरा जन्म ग्राम मुरकौल तहसील वाड्रफनगर जिला बलरामपुर रा.गंज (छ.ग.) में हुआ है जो मेरी वास्तविक जन्मतिथी 02.06.1981 है और यही जन्मतिथी मेरे कक्षा 12वीं के अंकसूची में दर्ज है।मेरे आधार कार्ड नं.341086245771 है में मेरा नाम सबित कुशवाहा (SAVITA KUSHWAHA) व जन्मतिथि 01.01.1983 त्रुटिवश दर्ज किया गया है।मेरे द्वारा प्रस्तुत समस्त जानकारी सत्य है यदि उक्त जानकारी गलत पाया जाता है तो उसका स्वयं जिम्मेवार रहूंगा। मै उक्त जानकारी अपने इस शपथ पत्र के द्वारा राजपत्र (गजट) में प्रकाशित कराने के संबंध में प्रस्तुत है।

जिस हेतु मैं स्वयं का शपथ पत्र निष्पादित कर रही हूं।

भवदीय
सबिता कुशवाहा
पति रिचकऊ कुशवाहा
निवासी- ग्राम काटसही तहसील वाड्रफनगर जिला बलरामपुर रामानुजगंज (छ.ग.)

खाद-बीज एवं केसीसी राशि वितरण में देरी से किसानों में आक्रोश, बैंक प्रबंधक को सौंपा ज्ञापन

शंकरगढ़। खरीफ सीजन की तैयारी के बीच आदिम जाति सेवा सहकारी समितियों के माध्यम से किसानों को खाद, बीज एवं किसान क्रेडिट कार्ड की राशि समय पर उपलब्ध नहीं होने से किसानों में भारी नाराजगी व्याप्त है। आज किसानों एवं जनप्रतिनिधियों ने जिला सहकारी केंद्रीय बैंक शाखा प्रबंधक को ज्ञापन सौंपकर तत्काल व्यवस्था सुधारने की मांग की है। सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया है कि जमड़ी, डीपाडीह कला, कोदवा एवं जोकापाट की सहकारी समितियों द्वारा अब तक खाद-बीज एवं केसीसी राशि का वितरण नहीं किया गया है। खरीफ फसल की बुवाई का समय नजदीक होने के कारण किसान आवश्यक कृषि सामग्री एवं ऋण राशि के अभाव में परेशान हैं। समय पर खाद, बीज एवं केसीसी राशि उपलब्ध नहीं होने से किसानों के खेती-किसानी कार्य प्रभावित हो रहे हैं तथा किसानों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। किसानों ने मांग की है कि दो दिनों के भीतर किसानों की आवश्यकता एवं स्वीकृत राशि के अनुसार खाद-बीज तथा केसीसी ऋण राशि का वितरण सुनिश्चित किया जाए। ज्ञापन सौंपने के दौरान पूर्व विधायक महेश्वर पैकरा, पूर्व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सत्यनारायण अग्रवाल, हीरालाल यादव, उम्मत रसूल, शमीम अंसारी, खालिद अहमद, धरम साय, श्रीराम यादव सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर लोगों को किया गया जागरूक

अम्बिकापुर। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमोलक सिंह ढिल्लो के नेतृत्व में सरगुजा पुलिस एवं सरगुजा जिले के गैर सरकारी संगठनों द्वारा संचालित नवा बिहान नशामुक्ति जागरूकता अभियान एवं परामर्श केंद्र तथा प्रजापति ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि सेवा केंद्र द्वारा विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर बस स्टैण्ड में नशामुक्ति चित्र प्रदर्शनी एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्या दीदी ने कहा कि धूम्रपान, तम्बाकू, गुटखा के उपयोग से अनेक प्रकार की बीमारियां होती है। तंबाकू के सेवन से एक दिन में 6 मिनट उम्र कम हो जाती है। नशे से दूर रहने के लिए हमें अपने मन को सकारात्मक कार्यों में व्यस्त रखना होगा। संयोजक मंगल पाण्डेय ने कहा कि नशा न केवल मानसिक संतुलन को बिगाड़ता है बल्कि अपराध एवं हिंसा को भी बढ़ावा देता है। नशे की लत के कारण व्यक्ति और परिवार आर्थिक रूप से बर्बाद हो जाते है। समन्वयक अनिल कुमार मिश्रा ने कहा कि सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा पूरे साल समुदाय को नशा नहीं करने हेतु प्रेरित करना होगा। नशे का सेवन कर वाहन चलाने से सड़क दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ जाती है। वरिष्ठ समाजसेवी अजय तिवारी ने नशा, नशे के विभिन्न उत्पादों एवं नशे की लत लगने के कारणों, नशीले पदार्थों के दुष्प्रभावों तथा नशे की लत से बचने के उपाय पर विस्तृत प्रकाश डाला। समाज सेवी राणा प्रताप सिंह, अमृत लाल प्रधान, सुरेन्द्र दुबे, विजय किशोर उपाध्याय एवं सुनिधि शुक्ला ने भी समुदाय को नशा नहीं करने हेतु प्रेरित किया। उपस्थित यात्रियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया तथा ब्रह्माकुमारीज के सदस्यों ने चित्र प्रदर्शनी का फैसिलिटेशन किया। विद्या दीदी ने नशा स्वयं नहीं करने एवं दूसरों को भी नशा नहीं करने देने की शपथ दिलाई।

TOP IN SURGUJA

खबर संक्षेप

पीएम आवास निर्माण में लापरवाही का आरोप, हितग्राहियों ने रोजगार सचिव के खिलाफ की शिकायत

प्रतापपुर। ग्राम पंचायत गिरीया में प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों ने रोजगार सचिव पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए जनपद पंचायत सीईओ को ज्ञापन ज्ञापन सौंपकर जांच और कार्रवाई की मांग की है। शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि रोजगार सचिव द्वारा आवास निर्माण कराने की जिम्मेदारी लेने के बावजूद आज तक उनके मकानों का निर्माण पूरा नहीं कराया गया है, जिससे उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जनपद सीईओ को सौंपे शिकायत में रामचरण आ. मानसाय, फुलकंवर पति गोपाल एवं लीलावती पति रामरूप ने बताया है कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत स्वीकृत मकानों के निर्माण के लिए रोजगार सचिव राम भगत ने स्वयं निर्माण कराने की जिम्मेदारी ली थी। इसके लिए हितग्राहियों से बैंक से आवास की राशि भी निकलवा ली गई, लेकिन राशि निकाले जाने के बाद भी निर्माण अधूरा छोड़ दिया गया। हितग्राहियों ने कई बार रोजगार सचिव से संपर्क कर मकान निर्माण पूरा कराने की मांग की गई, लेकिन हर बार उन्हें टालमटोल कर दिया जाता है। हितग्राहियों का कहना है कि बरसात का मौसम शुरू होने वाला है और अधूरे मकानों के कारण उन्हें रहने की समस्या का सामना करना पड़ सकता है। साथ ही पहले से बनी दीवारों को भी बारिश के कारण नुकसान पहुंचने की आशंका है। हितग्राहियों ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी से मामले की निष्पक्ष जांच कराते हुए रोजगार सचिव की जांच करने तथा अधूरे पड़े आवास निर्माण को तत्काल पूर्ण कराने के निर्देश जारी करने की मांग की है।

पुलिस ने 12 घंटे में 22 स्थाई वारंटियों को पकड़कर भेजा जेल

बलरामपुर। जिले में बड़ी कार्रवाई करते हुए लम्बे समय से फरार चल रहे स्थायी वारंटियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने 12 घंटे के अंदर जिलेभर में अभियान चालकर 22 स्थायी वारंटियों को जेल भेजा है। बता दें कि एसपी वैभव बैंकर रमनलाल ने जिले में कानून-व्यवस्था एवं शांतिपूर्ण वातावरण बनाए रखने की दिशा में तथा अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण रखने के उद्देश्य से थाना-चौकी प्रभारियों को टीमें गठित कर लंबति स्थाई वारंटियों व गिरफ्तारी वारंटियों की अधिक से अधिक तामिली के निर्देश दिए थे। एसपी के निर्देश के बाद एएसपी विश्व दीपक त्रिपाठी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने 1 जून की भोर 3 बजे थाना स्थायी वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया। अभियान के दौरान जिले में 12 घंटे के भीतर 22 स्थाई वारंटियों को पकड़ा गया है। इनमें थाना रामानुजगंज से 4 वारंटी, थाना कुसमी से 4, थाना कोतवाली बलरामपुर से 1 वारंटी, थाना रघुनाथनगर से 3 वारंटी, थाना बसंतपुर से 2 वारंटी, चौकी वाड्रफनगर से 2 वारंटी, थाना चलगली से 1 वारंटी, चौकी रनहत से 1 वारंटी, थाना चांदो से 1 वारंटी, चौकी विजयनगर से 1 वारंटी, थाना सनावल से 1 वारंटी तथा चौकी बरियों से 1 वारंटी इस प्रकार कुल 22 वारंटियों को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। पकड़े गए वारंटियों में कुछ वारंटी वर्षों से फरार चल रहे थे। जिले में नशेड़ियों, गुण्डा व निगरानी बदमाशों, माफी बदमाश, असमाजिक तत्वों, बैंक एटीएम, सर्राफा दुकान, लाज एवं दाबा को लगातार चेक कर उन्हें सुरक्षा संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश दिया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक द्वारा बेवजह घूमने वालों, नशेड़ियों व अन्य असामाजिक तत्वों को कड़ी चेतावनी दी गई है कि किसी भी अनैतिक गतिविधि में शामिल होना पाए जाने पर पर उनके विरूद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

पेज 1 के शेष...

अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे...

दिया। इसी मामले में विधायक राम कुमार टोप्पो, युसूफ, नाजिम रजा व 10-12 लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 221,121(1), 132,191(2) के तहत अपराध दर्ज है। अपराध दर्ज होने के बाद से तहसीलदार नायब तहसीलदार के साथ ही प्रशासनिक अधिकारी कर्मचारी विधायक समेत दोषियों के गिरफ्तारी की मांग कर रहे है। गिरफ्तारी की मांग को लेकर राजस्व निरीक्षक संघ, राजस्व पटवारी संघ, छग कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ, राज्य प्रशासनिक सेवा संघ ने शुक्रवार को सामूहिक अवकाश लेकर हड़ताल किया था जिससे काम काज ठप हो गया था। इसके साथ ही मांग पूर्ण नहीं होने पर अनिश्चित कालीन हड़ताल की चेतावनी दी गई थी। इस बीच सोमवार को पुनः छत्तीसगढ़ छत्तीसगढ़ कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ ने 1 जून से हड़ताल बुलाई है। भाजपा विधायक की गिरफ्तारी की मांग को लेकर तहसीलदार और नायब तहसीलदार हड़ताल पर चले गए हैं। तहसीलदार, नायब तहसीलदार के साथ ही राजस्व निरीक्षक सोमवार से हड़ताल पर रहे। प्रदेश व्यापी हड़ताल से तहसील और उप तहसील कार्यालयों में काम काज ठप हो गया। हड़ताल के कारण लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ा। सरगुजा में भी कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ द्वारा कला केंद्र मैदान में धरना प्रदर्शन किया गया और घटना की निंदा की गई। वहीं राज्य प्रशासनिक सेवा संघ के अधिकारी व राजस्व अधिकारियों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है और आंदोलन का समर्थन किया। अधिकारियों ने 1 से 3 जून तक काली पट्टी लगाकर काम करने व गिरफ्तारी नहीं होने पर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने की चेतावनी दी है।

विजेता खिलाड़ियों को नगद राशि व ट्रॉफी से किया गया सम्मानित

शतरंज प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने किया अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

रविवार को जीएच रायसोनी मेमोरियल ऑल इंडिया ओपन फिडे रेटेड रैपिड शतरंज प्रतियोगिता का समापन किया गया। दो दिवसीय प्रतियोगिता के में विजेता खिलाड़ियों को नगद पुरस्कार प्रदान किया गया। इस प्रतियोगिता के समापन में मुख्य अथिति के रूप में महापौर श्रीमती मंजूषा भगत, विशिष्ट अतिथि प्राचार्य सरस्वती शिशु मंदिर श्रीमती मीरा साहू, छग प्रदेश शतरंज संघ के सह सचिव सरोज वैष्णव शामिल हुए। इस दौरान मुख्य अतिथि श्रीमती भगत ने कहा कि इस शतरंज प्रतियोगिता का अंबिकापुर में आयोजन पूरे सरगुजा संभाग के लिए गर्व का विषय है। देश के विभिन्न राज्यों से आए खिलाड़ियों की सहभागिता से शहर को नई पहचान मिली है तथा ऐसे आयोजन युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करते हैं। बता दें कि भारतीय शतरंज महासंघ एवं छत्तीसगढ़ राज्य शतरंज संघ के तत्वावधान में तथा जीएच रायसोनी समूह, कल्पना प्रकाश वेलफेयर फाउंडेशनके सहयोग से तथा छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के महासचिव वीके राठी के मार्गदर्शन इस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। 31 मई को आयोजित सरस्वती शिशु मंदिर में आयोजित समापन समारोह में विभिन्न वर्गों के विजेता खिलाड़ियों के मध्य कुल 51 हजार रूपए नगद पुरस्कार राशि एवं आकर्षक ट्रॉफियां वितरित की गई। प्रतियोगिता के मुख्य वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए संस्कार कश्यप विजेता बने जबकि अभिषेक राजवाड़े द्वितीय व साहू गौरव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त संजय भारद्वाज ने चौथा, शुभंकर बमालिया ने पांचवां, इशिका मड़के ने छठवां, वरुण सोनी ने सातवां, भुवनेश्वर सिंह ने आठवां, विनय लहरे ने नौवां व उत्कर्ष यादव ने दसवां स्थान हासिल किया। इसी प्रकार बालक वर्ग अंडर-15 में हिमांनिस तिर्की, अंडर-13 में जय वर्धन भार्गव, अंडर-11 में चनवीर सिंह, अंडर-9 में अपूर्व भार्गव, अंडर-7 में प्रज्वल पांडे ने जीत दर्ज की। बालिका वर्ग में अंडर-15 में फरहीन खान, अंडर-13 निष्ठा त्रिपाठी, अंडर-11 में शताक्षी गुप्ता, अंडर-9 में अनिका गुप्ता व अंडर-7 में शिल्पी तानिष्का ने विजेता का खिताब हासिल किया। कार्यक्रम का संचालन मुख्य निर्णायक इंटरनेशनल आर्बिटर अनीस अंसारी ने किया। प्रतियोगिता में डिप्टी चीफ आर्बिटर इंटरनेशनल आर्बिटर शुभम बसोने तथा सीनियर नेशनल आर्बिटर प्रदीप मंडल ने निर्णायक की महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसके अतिरिक्त फिडे आर्बिटर अनिल शर्मा, सुरेश होता, सीनियर नेशनल आर्बिटर एस.आर. जायसवाल, श्लोक साहू, मनोज साहू, योगेंद्र गुप्ता एवं अंजुम ने आर्बिटर के रूप में अपनी सेवाएं प्रदान कीं। टूर्नामेंट डायरेक्टर एसएसपी वर्मा ने आभार प्रदर्शन किया। आयोजन को सफल बनाने में जिला शतरंज संघ सरगुजा के अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह राणा, बी. मणियन, एसएम कुरैशी, दीपक श्रीवास्तव, सत्यजीत मिश्रा, प्रकाश पांडे, अविनाश पांडे एवं अब्दुल शमीम सहित अन्य का योगदान रहा।

अतिथियों के साथ विजेता खिलाड़ी।

खास बात
- 51 हजार रूपए की राशि की गई वितरित

ओवरलोड कोयला और गिट्टी वाहनों के खिलाफ ग्रामीणों का 3 जून से अनिश्चितकालीन चक्का जाम

बिश्रामपुर। महान-2 एवं महान-3 खदानों से निकलने वाले कोयला और गिट्टी परिवहन वाहनों के खिलाफ क्षेत्र के ग्रामीणों का आक्रोश अब खुलकर सामने आने लगा है। लगातार भारी और ओवरलोड वाहनों की आवाजाही से सड़कें जर्जर होने, दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ने और आम जनजीवन प्रभावित होने के आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने 3 जून से कल्याणपुर चौक में अनिश्चितकालीन चक्का जाम और धरना-प्रदर्शन की चेतावनी दी है। ग्रामीणों द्वारा एसडीएम सूरजपुर को ज्ञापन सौंपकर स्थिति से अवगत कराया है। ग्रामीणों का कहना है कि महान-2 और महान-3 खदानों से बड़ी संख्या में कोयला एवं गिट्टी लदे भारी वाहन प्रतापपुर मार्ग होते हुए कल्याणपुर, पोड़िपा, मंजीरा, बृजनगर, द्वारिकानगर, लटोरी और भटगांव की ओर लगातार संचालित हो रहे हैं। इनमें से कई वाहन क्षमता से अधिक भार लेकर चल रहे हैं, जिससे सड़कें तेजी से टूट रही हैं और जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं। ग्रामीणों के अनुसार कल्याणपुर-लटोरी मार्ग क्षेत्र के हजारों लोगों के लिए जनपद एवं जिला मुख्यालय तक पहुंचने का प्रमुख और लगभग एकमात्र मार्ग है। इसी सड़क से छात्र-छात्राएं, मरीज, कर्मचारी, किसान और व्यापारी प्रतिदिन आवागमन करते हैं। लेकिन ओवरलोड वाहनों की वजह से सड़क की हालत इतनी खराब हो चुकी है कि लोगों का सफर मुश्किल और खतरनाक बन गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि भारी वाहन चालक परिवहन लाइन के दबाव में तेज गति से वाहन चलाते हैं, जिससे आए दिन दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। सड़क किनारे बसे गांवों के लोग विशेष रूप से बच्चों और बुजुर्गों की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं।ग्रामीणों ने बताया कि उनकी मांगों पर कार्रवाई नहीं होने के कारण 29 मई को दोपहर 1 बजे से कल्याणपुर में अनिश्चितकालीन चक्का जाम प्रस्तावित था। हालांकि प्रशासन को एक और अवसर देने के उद्देश्य से उस आंदोलन को स्थगित कर दिया गया। अब ग्रामीणों ने स्पष्ट कर दिया है कि यदि कोल और गिट्टी परिवहन पर नियंत्रण नहीं लगाया गया तथा ओवरलोड वाहनों की आवाजाही नहीं रोकी गई, तो 3 जून को दोपहर 1 बजे से प्रतापपुर मुख्य मार्ग स्थित कल्याणपुर चौक पर अनिश्चितकालीन चक्का जाम एवं धरना-प्रदर्शन शुरू किया जाएगा। ग्रामीणों ने बताया कि इस आंदोलन को लेकर कल्याणपुर, पोड़िपा, मंजीरा, बृजनगर, द्वारिकानगर, लटोरी, छत्तरपुर, पाठकपुर और हरिपुर सहित आसपास के अनेक गांवों के ग्रामीण एकजुट हैं।

डॉ डीके सोनी का नाम लंदन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सामाजिक कार्यकर्ता एवं अधिवक्ता डॉ. डीके सोनी को उनके जनहित, सामाजिक न्याय और भ्रष्टाचार विरोधी कार्यों के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया है। डॉ. सोनी का नाम लंदन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज किया गया है। उन्हें यह सम्मान यूनाइटेड किंगडम के डॉक्टर इवांगासिना, यूरोपियन यूनियन हेड रिपब्लिक ऑफ क्रोएशिया एवं इंटरनेशनल चेयरमैन इंडिया अविनाश डी. सकुंदेया ने प्रदान किया।

सामाजिक न्याय और भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्यों को मिली अंतरराष्ट्रीय पहचान

डॉ. सोनी लंबे समय से न्याय में देरी, भ्रष्टाचार और विभिन्न सामाजिक मुद्दों को लेकर सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं। वे अपनी संस्था सरगुजा सोसाइटी फॉर फास्ट जस्टिस के माध्यम से आम लोगों को त्वरित और सुलभ न्याय दिलाने के लिए लगातार प्रयासरत हैं। डॉ. सोनी ने सरकारी विभागों में व्याप्त भ्रष्टाचार और अनियमितताओं को उजागर करने में भी अहम भूमिका निभाई है। दस्तावेजी प्रमाणों के आधार पर कई मामलों में कार्रवाई कराते हुए भ्रष्ट अधिकारियों और ठेकेदारों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कराने में सफलता हासिल की है। देशभर में सामाजिक, कानूनी, व्यापार एवं उद्योग क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों के लिए नामांकन आमंत्रित किए गए थे। चयन प्रक्रिया और दस्तावेजों के सत्यापन के बाद, आदिवासी हित, शासन हित और जनहित में उल्लेखनीय योगदान देने पर डॉ. डी.के. सोनी को यह सम्मान प्रदान किया गया। दिल्ली स्थित कांस्टीट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया में आयोजित समारोह में उन्हें सम्मान पत्र भेंट किया गया। डॉ. डीके सोनी को यह सम्मान मिलने पर उनके शुभचिंतकों, अधिवक्ताओं और सामाजिक न्याय के लिए कार्य करने वाले लोगों में हर्ष का माहौल है।

वित्तीय अनियमितता पर दो शिक्षकों को किया गया निलंबित

अम्बिकापुर। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा शासकीय कार्यों में लापरवाही, वित्तीय अनियमितता एवं अनुशासनहीनता के मामलों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध कठोर विभागीय कार्रवाई की गई है। जारी आदेशों के तहत दो कर्मचारियों को निलंबित किया गया है, वहीं जनगणना कार्य में लापरवाही बरतने वाले चार शिक्षकों की एक-एक वेतनवृद्धि असंचयी प्रभाव से अवरुद्ध की गई है। डीईओ दिनेश झा ने बताया कि उदयपुर शासकीय प्राथमिक शाला पण्डरीडांड की प्रधानपाठिका श्रीमती अंजेला किण्डो को शासकीय राशि के दुरुपयोग, कूटरचना एवं वित्तीय अनियमितता के आरोपों के कारण निलंबित किया गया है। जांच में बालवाड़ी संचालन हेतु प्राप्त राशि के आहरण में अनियमितता, फर्जी हस्ताक्षर का उपयोग, शासकीय राशि का अनधिकृत हस्तांतरण तथा भंडार क्रय नियमों के उल्लंघन की पुष्टि हुई है। इसी प्रकार कार्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी सीतापुर में पदस्थ लेखापाल दूधनाथ सिंह को सेवानिवृत्त कर्मचारी के स्वत्वों के भुगतान में लापरवाही तथा पात्रता से अधिक अवकाश नगदीकरण भुगतान किए जाने के प्रकरण में निलंबित किया गया है। जांच में वित्तीय प्रकरणों के निष्पादन में गंभीर त्रुटियां पाई गईं। इसके अतिरिक्त कलेक्टर एवं प्रमुख जिला जनगणना अधिकारी सरगुजा के प्रतिवेदन के आधार पर जनगणना जैसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य में लापरवाही बरतने पर चार शिक्षकों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की गई है। शासकीय प्राथमिक शाला आमापारा, विकासखण्ड लुण्ड्रा के सहायक शिक्षक सुखदेव राम, शासकीय प्राथमिक शाला ससौलीपारा के प्रधान पाठक उमेश कुमार तिवारी, शासकीय प्राथमिक शाला आमगांव, विकासखण्ड मैनपाट के सहायक शिक्षक उमेश सिंह नेताम तथा शासकीय प्राथमिक शाला समनिया के सहायक शिक्षक रवि कुमार की आगामी एक वेतनवृद्धि असंचयी प्रभाव से रोकी गई है। जिला शिक्षा अधिकारी डॉ दिनेश कुमार झा ने कहा है कि शासन के महत्वपूर्ण कार्यक्रमों एवं शासकीय दायित्वों के निर्वहन में किसी भी प्रकार की लापरवाही, अनुशासनहीनता अथवा वित्तीय अनियमितता को बर्दाश्त नहीं। विभाग द्वारा कार्यों की स तत निगरानी की जा रही है तथा भविष्य में भी अनियमितता पाए जाने पर नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।

गागर नदी में डूबे युवक का 47 घंटे बाद मिला शव गांव में शोक की लहर, दोस्तों के साथ गया था नहाने

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

बलरामपुर जिले के राजपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत गागर नदी पुल से लगभग 50 मीटर नीचे स्थित हुक्का दह में डूबे 22 वर्षीय युवक का शव घटना के लगभग 47 घंटे बाद सोमवार सुबह बरामद कर लिया गया। युवक के शव मिलने के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है। पुलिस ने पंचनामा एवं पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी कर शव परिजनों को सौंप दिया।

जानकारी के अनुसार बरियों उरांवपारा निवासी 22 वर्षीय फुलसाय लकड़ा आ. सुरेंद्र लकड़ा शनिवार को ग्राम डकवा में आयोजित एक शादी समारोह में शामिल होने गया था। समारोह के बाद शनिवार सुबह करीब 10 बजे वह अपने अन्य साथियों के साथ गागर नदी में नहाने पहुंचा। बताया जाता है कि लगभग 10 युवक नदी में स्नान कर रहे थे। इसी दौरान फुलसाय नदी के गहरे हिस्से में चला गया और अचानक डूबने लगा। साथ मौजूद युवकों ने उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन तेज बहाव और गहराई के कारण उसे नहीं बचाया जा सका। घटना की सूचना मिलते ही राजपुर पुलिस, प्रशासनिक अधिकारी तथा गोताखोरों की टीम मौके पर पहुंची और युवक की तलाश शुरू की गई। शनिवार और रविवार को लगातार खोज अभियान चलाया गया। नदी के विभिन्न हिस्सों में गोताखोरों द्वारा तलाश की गई, लेकिन युवक का कोई पता नहीं चल सका। प्रशासन ने भी अभियान की लगातार निगरानी की। सोमवार सुबह लगभग 9 बजे

स्थानीय ग्रामीणों ने हुक्का दह क्षेत्र में पानी के ऊपर एक शव देखा। ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस और प्रशासन को दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकालकर उसकी पहचान फुलसाय लकड़ा के रूप में की गई। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पोस्टमार्टम के उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया गया। शव मिलने की खबर फैलते ही घटनास्थल पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों और परिजनों की भीड़ जुट गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। गांव में भी युवक की असमय मृत्यु से शोक की लहर व्याप्त है। घटना के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं सामाजिक कार्यकर्ता भी मौके पर मौजूद रहे। भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष मुकेश गुप्ता सहित कई लोगों ने परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी। प्रशासन और पुलिस ने लोगों से नदी एवं गहरे जलाशयों में स्नान करते समय विशेष सावधानी बरतने का आह्वान किया है।

जमीन विवाद पर बड़े भाई की हत्या, आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

भैयाथान। ग्राम करकोटी में सोमवार की सुबह उस समय हड़कंप मच गया जब जमीन विवाद को लेकर छोटे भाई ने अपने ही बड़े भाई की हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। ग्राम करकोटी निवासी मृतक के बेटे श्रीकांत कुशवाहा ने झिलमिली थाने रिपोर्ट दर्ज कराई है।

पुलिस के मुताबिक ग्राम करकोटी निवासी रामबरन व उसके छोटे भाई रामबिलास के बीच लम्बे समय से जमीन विवाद चल रहा था। सोमवार की सुबह रामबरन दूध लेने के लिए केनापारा जाने के लिए निकला और जैसे ही घर से महज 200 मीटर दूर पहुंचा था तभी उसके छोटे भाई रामबिलास ने डंडे से उसपर जानलेवा हमला कर दिया। अचानक डंडे से लगातार वार करने से सिर में गंभीर चोट लगने पर रामबरन मौके पर ही गिर गया। घटना को देख गांव के लोगों ने घटना की सूचना उसके पुत्र को दिया। पिता पर जानलेवा हमला करने की जानकारी लगते ही परिजन मौके पर पहुंचे और घायल को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भैयाथान में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत घायल को मृत घोषित कर दिया। इधर घटना की सूचना मृतक के पुत्र ने पुलिस को दी गई। सूचना पर पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुच हत्या में प्रयुक्त डंडा सहित आरोपी छोटे भाई रामबिलास को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से आरोपी को जेल भेज दिया गया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी नसीमुद्दीन, प्रधान आरक्षक मुकेश यादव, बेचू सोलंकी, राहुल गुप्ता,कमलेश मानिकपुरी सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे।

घर में मिली बुजुर्ग महिला की लाश, हत्या की आशंका

अंबिकापुर। लखनपुर थाना क्षेत्र में एक बुजुर्ग महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में लाश मिली है। महिला के शरीर से खून निकल रहा था ऐसे में उसकी हत्या किए जाने की आशंका व्यक्त की जा रही है। मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर लाश को पीएम उपरांत परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है और घटना की जांच चल रही है।

बताया जा रहा है कि लखनपुर थाना अंतर्गत ग्राम जुना भुईयापारा निवासी 65 वर्षीया लक्ष्मी लकड़ा पति बैजनाथ लकड़ा पति व गाम रानी कछार निवासी तेरेसा तिग्गा के साथ रहती थी। 1 जून की सुबह 7 बजे तेरेसा तिग्गा ने मृतिका रंजीत लकड़ा आ. राम भजन लकड़ा को सूचना दी कि उसकी बड़ी मम्मी उठ नहीं रही है और उसके आंख, नाक, मुंह में चीटी लग गया है। घटना की सूचना के बाद रंजीत लकड़ा अपने बड़े भाई आशीषित लकड़ा के साथ मौके पर पहुंचा जहां उसकी बड़ी मम्मी लक्ष्मी लकड़ा मृत जमीन पर बिछे बिस्तर पर मृत पड़ी थी। ऐसे में उसने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची थी। बताया जा रहा है कि महिला खून से लथपथ थी और उसके शरीर पर चोट के निशान भी मिले है। फिलहाल पुलिस द्वारा लाश को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है और घटना की जांच चल रही है।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया
पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

पूर्व डिप्टी सीएम दरगाह पहुंचे, चादर चढ़ा कर मांगी देश में अमन चैन की दुआ

हजरत सैयद जामाशाह बाबा के दरगाह पर कव्वाली का मुकाबला

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनपुर

ग्राम बंधा जूनाडीह स्थित हजरत सैयद जामाशाह बाबा के मजार पर होने वाले सालाना पचासवें उर्स के मौके पर 31 मई को कव्वाली का शानदार मुक़ाबला हुआ जहां जहा बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव, विशिष्ट अतिथि नगर निगम नेता प्रतिपक्ष सफी अहमद, भाजपा जिला उपाध्यक्ष दिनेश साहू, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अमित सिंह देव, ओबीसी पिछड़ा वर्ग जिला अध्यक्ष राजेंद्र जायसवाल सहित जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव हजरत सैयद जमा शाह बाबा की दरगाह में चादर चढ़ा कर देश में अमन चैन के लिए दुआ

मांगी और फीता काटकर कव्वाली कार्यक्रम का शुभारंभ किया। पूर्व डिप्टी सीएम ने कहा की बाबा के दरगाह पर प्रत्येक वर्ष उर्स का आयोजन किया जाता है जहां हमे भी इस अवसर पर शामिल होने का मौका मिलता है। साथ ही बाबा से दुआ करते हैं की पूरे प्रदेश सहित देश में अमन और चैन बना रहे। इस अवसर पर नगर निगम नेता प्रतिपक्ष सफी अहमद,ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अमित सिंहदेव तथा नगर अध्यक्ष प्रतिनिधि दिनेश साहू ने भी संबोधित किया और प्रदेश तथा नगर के लोगों के अमन और चैन की दुआ मांगी। पढ़ाई में अव्वल आए बच्चों को भी सम्मानित किया गया।

उर्स के मौके पर अलीगढ़ से आए मशहूर कव्वाल गुलाम हबीब पेंटर और मशहूर कव्वाल सीमा सबा ने अपने शानदार कव्वाली की महफ़िल से सभी लोगों को देर रात तक बांधे रखा। इस दौरान आए लोगों द्वारा बाबा के मजार पर चादर चढ़ा अपनी मनोकामना पूर्ति के लिए दुवायें माँगी। क़व्वाली का यह कार्यक्रम सुबह तक जारी रहा जिसमे बड़ी संख्या में नगर सहित आसपास के लोग मौजूद रहे। उर्स कमेटी अध्यक्ष विक्रमादित्य सिंह देव ने कहा कि लखनपुर में आज भी सभी लोग भाईचारे के साथ रहते हैं।इस दौरान राकेश गुप्ता, विक्रमादित्य सिंहदेव, अमित सिंहदेव, दिनेश साहू,वीरेंद्र सिंहदेव, राजेंद्र जायसवाल, अब्बास फिरदौसी, मो. इस्लाम, विनोद गुप्ता, हर्ष सिंहदेव, सराफत अली, अशफाक खान, इरशाद ख़ान, मोजिब ख़ान, जांनिसार अख़्तर, हासिम ख़ान, मतीन अख्तर, नसरत अली, इमरान अंसारी जसीमुद्दीन, शहाबुद्दीन एवं उर्स कमेटी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।